# दावोस में 25,200 करोड़ रुपये के निवेश को लेकर हुए एमओयू

## एस्सार समूह राज्य में करेगा 25,000 करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ : स्विट्जरलैंड के शहर दावोस में चल रहे विश्व आर्थिक मंच के सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में 25,200 करोड़ रुपये के निवेश को लेकर दो कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया। पहला एमओयू एस्सार समूह के साथ 25,000 करोड़ के निवेश को लेकर किया गया, जबकि 200 करोड़ रुपये के निवेश को लेकर एसए टेक्नालाजीज के साथ एमओयू किया गया।

सम्मेलन में गुरुवार को राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने एस्सार समूह के साथ बैठक की। एस्सार समूह ने राज्य में पावर व ऊर्जा प्रणाली, लाजिस्टिक्स व वेयरहाउसिंग और डेटा सेंटर के क्षेत्र में निवेश की सहमति जताई है। इन्वेस्ट यूपी के अधिकारी पिछले दो महीनों से एस्सार समूह के संपर्क

### 200 करोड़ रुपये का प्रदेश में निवेश करेगी एएस टेक्नालाजी

में थे। इसी के चलते राज्य में 25 हजार करोड़ रुपये के निवेश का रास्ता साफ हो सका। इसके अलावा एसए टेक्नालाजीज ने राज्य में एक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) के क्षेत्र में निवेश के लिए समझौता किया है। कंपनी राज्य में जीसीसी की स्थापना कर बहुराष्ट्रीय कंपनियों को उन्नत आइटी सेवाएं, डिजिटल ट्रांसफार्मेशन समाधान और नवाचार-आधारित क्षमता निर्माण में सहयोग करेगा। वहीं एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने नवीकरणीय ऊर्जा व ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं के विकास के लिए गैर-वित्तीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

सम्मेलन के चौथे दिन प्रतिनिधिमंडल ने एआइ और डिजिटल नवाचार, ग्रीन हाइड्रोजन, वैश्विक वित्त, उन्नत विनिर्माण, अवसंरचना विकास, क्लीन-टेक व हेल्थकेयर के क्षेत्र में निवेश को लेकर विभिन्न कंपनियों व वैश्विक संगठनों के साथ बैठकें की। इनमें इलेवनलैब्स, वेरडैगी, एचसीएल टेक, आरएमजेड इन्फ्रास्ट्रक्चर, मार्श मैकलेनन, एजिलेंट, ब्लैकराक, इनविजिबल टेक्नालाजीज, इंडियन आयल, गावी-द वैक्सीन अलायंस, गूगल, बीसीजी (बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप), टापसो और मार्लन स्पेस सहित अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

सम्मेलन में राज्य सरकार का प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के नेतृत्व में भाग लेने दावोस गया है। पहले तीन दिनों में सम्मेलन में करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश को लेकर एमओयू किए जा चुके हैं।

MAGZTER

MAGZTER @sirius

Clipped from - Dainik Jagran Lucknow - January 23, 2026
Read it digitally on the Magzter app